बानसूर में शोकसभा के दौरान सिलेण्डर लीकेज से भड़की आग, 21 लोग झुलसे

बताया जा रहा हैं कि गैस सिलेंडर के पास में ही एक इलैक्ट्रीक हिटर रखा हुआ था, जिसने आग पकड़ ली

कोटपूतली, (निसं)। जिले के बानसूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़ मिलकपुर (रसनाली) में शनिवार सुबह शोकसभा के दौरान गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद भड़की आग से बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में शोक व्यक्त करने आए 21 महिला-पुरुष झुलस गये, जिनमें से ग्रामीणों ने आनन-फानन में यहां के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में 16 एवं बानसूर के उप जिला अस्पताल में 5 को भर्ती कराया गया। आगजनी से विजेन्द्र, रामस्वरूप, लाली, छोटी, सविता, कैलाश, उमा, बलराम, कौशल्या व बबलू समेत कुल 21 महिला-पुरूष झुलस गये। कोटपूतली के जिला अस्पताल में भर्ती 16 घायलों में से 13 एवं बानसूर के उप जिला अस्पताल में भर्ती 5 घायलों में से 3 समेत कुल 16 गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया।



गैस सिलेंडर हादसे में हुये घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया।

- कोटपूतली के जिला अस्पताल में भर्ती 16 घायलों में से 13 एवं बानसूर के उप जिला अस्पताल में भर्ती 5 घायलों में से 3 समेत 16 गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया
- आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पलभर में ही घर के चौक में लगे टैण्ट और बिछी हुई दरियों को अपनी चपेट में ले लिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के 80 वर्षीय जयराम कसाना का शुक्रवार को निधन हो गया था। शनिवार सुबह उनके निवास पर शोकसभा का आयोजन चल रहा था, जिसमें घर के चौक में करीब 50 ग्रामीण व रिश्तेदार मौजूद थे। इसी दौरान घर के एक हिस्से में रखे गैस सिलेंडर से अचानक रिसाव होने लगा। किसी को गैस लीक होने का अंदाजा नहीं लग पाया और परिवार की एक महिला ने रसोई में चाय बनाने के लिए जैसे ही चूल्हा जलाया, फैली हुई गैस ने तुरंत आग पकड़ ली। बताया जा रहा हैं कि गैस सिलेंडर के पास में ही एक इलैक्ट्रीक हिटर रखा हुआ था जिसने आग पकड़ ली, धीरे-धीरे आग की लपटें बढ़ने लगी, जिससे वहां मौजूद 21 महिला पुरूष आगजनी से घायल हो गये।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पलभर में ही घर के चौक में लगे टैण्ट और बिछी हुई दरियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग फैलते ही मौके पर चीख-पुकार और भगदड़ मच गई, जिससे वहां बैठे 21 महिला-पुरुष आग की लपटों में घिरकर झुलस गए। ग्रामीणों ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए पानी और मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया और झुलसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

हादसे के तुरंत बाद घायलों को एंबुलेंस व निजी वाहनों की मदद से कोटपूतली जिला अस्पताल व बानसूर के उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही बानसूर एसडीएम नवनीत कुमार, तहसीलदार एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों के समुचित ईलाज के निर्देश दिए। एसएमएस अस्पताल की कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. रश्मि कटारिया ने बताया कि अधिकांश मरीज 20 से 40 प्रतिशत तक झुलसे हैं, जबकि कुछ मरीज 50 प्रतिशत तक झुलस गए हैं। सभी को बर्न आईसीयू में भर्ती कर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में ईलाज शुरू कर दिया गया है। अन्य घायलों का उपचार कोटपूतली जिला अस्पताल में जारी है।

कन्यादान के 100 रुपए लौटाने के बाद विवाद, पथराव में वृद्धा की मौत

- आरोप है कि एक दर्जन से अधिक लोगों ने एकराय होकर बुजुर्ग के घर पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया
- प्रथम दृष्टया पुलिस इसे पत्थर से चोट लगने के बजाय वृद्धा की हार्टअटैक से मौत होने की संभावना जता रही है

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। रुदावल थाना क्षेत्र के गांव कोठीखेड़ा में शादी समारोह में कन्यादान की 100 रुपए की राशि को लेकर शुरू हुआ विवाद देर रात खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि एक दर्जन से अधिक लोगों ने एकराय होकर बुजुर्ग के घर पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान पत्थरबाजी की चपेट में आने से वृद्धा लच्छो गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे रुदावल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर रुदावल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे पत्थर से चोट लगने के बजाय वृद्धा की हार्टअटैक से मौत होने की संभावना जता रही है। घटना को लेकर पीड़ित ने रुदावल थाने में 10 से अधिक लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

रुदावल पुलिस ने बताया कि कोठीखेड़ा निवासी 75 वर्षीय नवल सिंह पुत्र बिरजी जाटव ने रिपोर्ट में बताया कि गांव में उनके ही परिवार के राजाराम की बेटी आशा की शादी थी। आपसी मनमुटाव के चलते उन्होंने शादी में स्वयं जाने के बजाय गांव के हरि पंच के हाथ कन्यादान के 100 रुपए भिजवाए थे। राजाराम ने कन्यादान के रुपए लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नवल सिंह रुपए वापस लेकर गांव में ही दूसरी शादी में कन्यादान करने चले गए। रात करीब 9 बजे दूसरी शादी से कन्यादान कर नवल सिंह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने घर के सामने सुंदर को उसके पिता गिर्राज और चाचा पिंटू द्वारा पीटते हुए देखा। नवल सिंह ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें रोकने का प्रयास किया तो गिर्राज ने उन पर अपने बेटे को शराब पिलाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद के बाद बृजमोहन, राजाराम, रामसिंह, दिलीप, लोकेन्द्र, जसवंत, अजेन्द्र, ताराचंद, सुंदर सहित अन्य लोग एकराय होकर मौके पर आ गए। आरोपियों ने उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी अपने घर की छत से होते हुए उनके घर की छत पर पहुंच गए और नीचे उतरकर फिर से पत्थरबाजी की। इस दौरान उनकी पत्नी लच्छो के सिर और शरीर पर पत्थर लगने से वह गिर पड़ीं। इसके बाद परिजन घायल लच्छो को बाइक पर बैठाकर रुदावल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पक्ष ने पत्नी की मौत पत्थरबाजी में लगी चोटों के कारण होने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी नरेशचंद शर्मा ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटना के वास्तविक कारणों, पत्थरबाजी और महिला की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

जोधपुर में सूने मकान से लाखों के आभूषण और महंगी घड़ियां चोरी

- परिवार के लोग परिजन का अहमदाबाद में इलाज कराने में व्यस्त थे
- सीसीटीवी फुटेज से पुलिस जुटी जांच में, बाइक पर दिखे दो संदिग्ध

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में चोरी हो गई। चोर घर से लाखों के जेवरात, नगदी के साथ महंगी घड़ियां आदि चोरी कर गए। घटना 19 नवंबर की तड़के पौने पांच से सवा पांच बजे के बीच हुई है। इस बारे में अब प्रतापनगर सदर पुलिस जांच में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी सुंदरकला ने बताया कि 7वीं अपर चौपासनी रोड निवासी एक व्यक्ति की तरफ से केस दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि इसमें बताया कि परिवार में सदस्य बीमार होने के चलते अहमदाबाद में इलाज चल रहा है। काफी दिनों से परिवार के लोग वहीं पर है और घर भी सूना था। 19 नवंबर को पता लगा कि चोरों ने घर के दरवाजे की कुंडा तोड़कर प्रवेश किया और वहां से लाखों के सोने चांदी के आभूषण के साथ एक लाख की नगदी ले गए। रिपोर्ट के अनुसार घर में कुछ महंगी घड़ियां भी रखी हुई थी, जोकि चोरी कर ली गई। परिवादी अपने परिवार के साथ 12 अक्टूबर को छोटे बेटे को चिकित्सक को दिखाने के लिए अहमदाबाद गया हुआ था। इस बीच घर सूना था।

पड़ौसियों के सीसीटीवी कैमरों में सामने आया कि 19 नवंबर की सुबह करीब 4.48 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर मकान के सामने पहुंचे। दोनों ने मोटरसाइकिल खड़ी की और मकान के मुख्य दरवाजे का कुंडा व ताला तोड़कर करीब 4.50 बजे अंदर प्रवेश किया। चोरी करने के बाद सुबह करीब 5.14 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। सुबह करीब 8 बजे सामने रहने वाले पड़ौसी इंद्रमोहन ने फोन कर मकान के मुख्य दरवाजे का कुंडा टूटा होने और दरवाजे खुले होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिवादी ने अपने रिश्तेदारों को जानकारी दी और पुलिस को भी अवगत करवाया। इसके बाद वह अहमदाबाद से रवाना होकर शाम करीब 7.15 बजे जोधपुर स्थित अपने मकान पहुंचा। मौके पर पहले से पुलिस टीम और रिश्तेदार मौजूद थे।

घर से सोने के दो कंगन, चार सोने की चूड़ियां, कानों के आभूषणों की चार जोड़ियां, छह से आठ अंगूठियां, दो सोने की चेन, मंगलसूत्र, तुलसी की कंठी और दो सोने की नथ सहित अन्य आभूषण चोरी हुए हैं। इसके अलावा करीब 14 से 16 जोड़ी चांदी की पायल, लगभग दो किलो का चांदी का छल्ला, चांदी का चाकू, चांदी के गिलास, पूजा का चांदी का सामान, करीब तीन किलो चांदी के सिक्के, 15 पुराने कलदार सिक्के, लगभग एक लाख रुपए नगद और पांच से छह ब्रांडेड हाथ घड़ियां भी चोरी होना बताया गया है।

बाइक सवार युवकों को कार ने टक्कर मारी, एक की मौत, तीन जने घायल

सिंघाना थाना क्षेत्र के गाड़ाखेड़ा के हुये सड़क हादसे में बाइक और वैगनआर कार क्षतिग्रस्त हो गई।

सिंघाना, (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के गाड़ाखेड़ा के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। चिड़ावा के अडूका गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों की वैगनआर कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में दिवेश की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रैफर किया गया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के गांव माकड़ो में शोक की लहर दौड़ गई।

ग्रामीण संजय भूरिया ने बताया कि माकड़ो निवासी दिवेश (17) पुत्र अमीचंद, अनिल (19) पुत्र विजय सिंह और तनुज (18) पुत्र कमलेश कुमार बाइक पर सवार होकर अपने गांव से चिड़ावा के अडूका गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हुए थे। तीनों युवक जब गाड़ाखेड़ा और लालचौक के बीच पहुंचे, तभी उनकी बाइक की एक वैगनआर कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल चिड़ावा के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को झुंझुनूं रैफर कर दिया। झुंझुनूं अस्पताल में चिकित्सकों ने दिवेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अनिल और तनुज की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया।

हादसे का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि तीनों युवक अभी पढ़ाई कर रहे थे। दिवेश के पिता अमीचंद मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे और हादसे की जानकारी जुटाई। उधर, हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भरतपुर, (निसं)। मथुरागेट थाना पुलिस ने वन संरक्षित क्षेत्र से अवैध रूप से पत्थर भरकर ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर को सहायक उपनिरीक्षक राकेशमान पुलिस जाप्ते के साथ नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान मर्डरपुर चौराहे के पास वन संरक्षित क्षेत्र से बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली में पत्थर भरकर ले जाता हुआ एक चालक दिखाई दिया। नाकाबंदी देखकर चालक ने भागने का प्रयास किया।

अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। भुसावर थाना पुलिस ने नाबालिग के अपहरण एवं सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश मीना के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उसके भाई की पुत्री का घर से अपहरण कर ले गए तथा उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधान शुरू किया और आरोपी अंकित (19) पुत्र समयसिंह मीना को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर एवं वृत्ताधिकारी भुसावर के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश मीना के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक नेत्रपाल मय पुलिस जाप्ते ने की। आरोपी के खिलाफ भुसावर थाने में मामला दर्ज है।

साइबर ठगी से लाखों की नगदी हड़पी


- अन्य मामले में लॉटरी खुलने का झांसा देकर पीड़ित से नगदी हड़पी


उदयपुर, (निसं)। मोबाइल हेक कर पीड़ित के खाते से नगदी निकाल हड़पने वाले आरोपी के खिलाफ साइबर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह एक अन्य मामले में लॉटरी खुलने का झांसा देकर पीड़ित से नगदी हड़पने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित राकेश पुत्र गणपतलाल सिगरीगर निवासी अम्बामाता भटवाड़ी ने साइबर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 19 नवंबर को अज्ञात आरोपी ने मेरा मोबाइल हेक कर लिया। कुछ समय बाद मेरे बैंक खातें से टुकड़ों में 2 लाख 68 हजार 732 रूपये निकाले जाने का पता चला। इसी तरह एक अन्य मामले में पीड़ित देवीलाल पुत्र नानालाल रेगर निवासी धोला का धनेरिया फतहनगर की रिपोर्ट पर साइबर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया जिसमें पीड़ित ने बताया कि 16 नवंबर को अज्ञात मोबाइलधारक ने डेढ़ करोड़ की लॉटरी खुलने का मैसेज बताया तथा उक्त नगदी लेने को कहा। इस पर उससे बातचीत करने के दौरान उसके कहे अनुसार मैने 3 लाख 50 हजार रूपे का भुगतान कर दिया। कुछ समय बाद पता चला कि मेरे साथ ठगी हुई है। दोनों मामलों में साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है।

विदेशी सैलानियों और सजे-धजे ऊंटों के आकर्षण से पुष्कर मेला गुलजार हुआ

रेगिस्तान के रंगों में जीवंत हो रही राजस्थान की संस्कृति और परंपरा


कपुष्कर मेले में रेतीली धरती पर सजे-धजे ऊंट लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुये हैं।


मेले में राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों से खूबसूरती और कद-काठी के घोड़े लेकर लोग पहुंच रहे हैं।

पुष्कर/जयपुर। राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला 2026 अपने अनूठे रंगों के साथ इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 17 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित हो रहे इस मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु और पशुपालक पहुंच रहे हैं। पुष्कर की रेतीली धरती पर सजे-धजे ऊंट, घोड़े, रंग-बिरंगी राजस्थानी पोशाकें और संगीत की गूंज यहां आने वाले लोगों को राजस्थान की असली संस्कृति से रूबरू करा रही है।

पुष्कर मेला पशुओं की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजस्थान की लोक कला, परंपरा, खानपान व्यापार और धार्मिक विरासत का अनूठा संगम है। मेले में राजस्थान के अलग-अलग जिलों से पशुपालक अपने ऊंट, घोड़े और अन्य पशुओं के साथ पहुंच रहे हैं। ऊंटों को आकर्षक आभूषणों, रंगीन कपड़ों और पारंपरिक डिजाइनों से सजाया गया है, जो पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बने हुए हैं। पुष्कर अपने खास खानपान के लिए भी मशहूर है। यहां रबड़ी मालपुआ, खस्ता कचौड़ी..दाल-बाटी चूरमा और ऊंटनी के दूध की चाय खासतौर पर लोगो के स्वाद का केन्द्र बनी हुई हैं।

पुष्कर सरोवर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ :-मेले का धार्मिक पक्ष भी बेहद खास है। पुष्कर सरोवर के घाटों पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। यहाँ 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विशेष स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। शाम के समय सरोवर के घाटों पर होने वाली महाआरती श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी। पुष्कर मेले से स्थानीय व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, होटल संचालकों और छोटे दुकानदारों को भी रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। मेले में राजस्थानी आभूषण, पारंपरिक कपड़े, हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्थानीय खान-पान की दुकानों पर पर्यटकों की अच्छी चहल-पहल देखने को मिल रही है।

पुष्कर मेले में घोड़े लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल रेट कार्ड और लोगों के बीच हो रही चर्चाओं में कुछ घोड़ों की कीमत करोड़ों रुपये तक बताई जा रही है। इन घोड़ों की खूबसूरती और कद-काठी देखने के लिए राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंच रहे हैं।

श्रीगंगानगर में बीएसएफ कैंप की दीवार फांदकर अंदर घुसा युवक

पूछताछ में युवक की पहचान बिहार निवासी दिनेश पासवान के रूप में हुई

- अधिकारियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, एफआईआर दर्ज
- पकड़ा गया आरोपी नशे का आदी है और मानसिक रूप से परेशान बताया गया है

श्रीगंगानगर, (निसं)। शहर में पुलिस लाइन के सामने स्थित बीएसएफ के 48वीं बटालियन कैंप में रात को एक युवक दीवार फांदकर अंदर घुस गया, जिसे बीएसएफ के अधिकारियों ने पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान बिहार निवासी दिनेश पासवान (32) के रूप में हुई। बीएसएफ की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल राकेश कुमार ने बताया कि 19 नवंबर की रात करीब 1:30 बजे 48वीं बटालियन बीएसएफ कैंप में सिमल मुर्मू रात की ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एक युवक कैंप की दीवार फांदकर अंदर घुस आया। ड्यूटी अधिकारी ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिनेश पासवान बताया। वह मूल रूप से बिहार के नवादा जिले का रहने वाला है और वर्तमान में श्रीगंगानगर में पुलिस लाइन के सामने कपूर फर्नीचर के नजदीक हीरा पॉलिमर्स कंपनी के पास रह रहा था। घटना के बाद बीएसएफ के 48वीं बटालियन के कार्यालय की ओर से कोतवाली थाने में लिखित रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हैड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी नशे का आदी है और मानसिक रूप से परेशान है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।